श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul Tehri Garhwal (Uttarakhand) -249 199

Mail:registrarsdsu2018@gmail.com,
coesdsuv@gamil.com
Website: www.sdsuv.ac.in

Ref.No. 5936 / EC6 /SDSUV/Conf./Exam/2023 Dated- 30.09.2023

कार्यालय ज्ञाप

तिथि विस्तारण

श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त विश्वविद्यालय परिसर/राजकीय/अशासकीय महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित संस्थानों को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में आधारभूत पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत सैमेस्टर पद्धति में संचालित सत्र 2018–21 एवं 2019–22 तथा वार्षिक पद्धति में संचालित सत्र 2019–22 के संस्थागत छात्र–छात्रायें जोकि कतिपय विषयों में अंकसुधार परीक्षा, आंतरिक परीक्षा व प्रायोगिक परीक्षा देने से वंचित रह गये हैं को वन टाइम सेटलमेंट के आधार पर महाविद्यालय स्तर पर विश्वविद्यालय के परीक्षा पैटर्न पर असाइनमेन्ट यथा लागू के आधार पर निर्धारित सैमेस्टर/वार्षिक परीक्षा शुल्क 2500/– के साथ मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त **दिनांक 05.09.2023 से 20.09.2023** तक अंतिम अवसर प्रदान किया गया था को **व्यापक छात्रहित में मा0 कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त दिनांक 05.10.2023 तक विस्तारित किया जाता है।** प्रायोगिक परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण छात्र/छात्राओं हेतु विश्वविद्यालय परिसर तथा राजकीय महाविद्यालय अपने स्तर से तथा शेष समस्त अशासकीय महाविद्यालय एवं स्ववित्त पोषित संस्थान अपने निकटतम राजकीय महाविद्यालयों के प्रध्यापकों से प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराने का कष्ट करें। शुल्क केवल डिमांड ड्राफ्ट जोकि वित्त अधिकारी श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/Finance Officer Sri Dev Suman University के नाम से ही स्वीकार्य होंगे। दिनांक 05.10.2023 के बाद के डिमांड ड्राफ्ट किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होंगे।

अतः समस्त प्राचार्य/निदेशकों से अनुरोध है कि उक्तानुसार प्रायोगिक/असाइनमेन्ट के आधार पर संबंधित छात्र/छात्राओं की परीक्षायें विस्तारित तिथि तक सम्पन्न कराने का कष्ट करें एवं **अंकसूची दिनांक 10.10.2023 तक अनिवार्य रूप** से विश्वविद्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की अंकसूची पर विचार नही किया जायेगा।

30.9.2023

प्रो0 (डॉ) वी0 पी0 श्रीवास्तव
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजि सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. समस्त प्राचार्य/निदेशक सम्बद्ध विश्वविद्यालय परिसर/राजकीय/अशासकीय महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित संस्थान।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. सहायक परीक्षा नियंत्रक (मुख्य/व्यावसायिक)।
6. सहायक कुलसचिव (वित्त/प्रशासन)।
7. श्री गजेन्द्र सिंह रावत को विश्वविद्यालय की वैबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. प्रभारी परीक्षा/गोपनीय/डाटा सेन्टर।
9. कार्यालय प्रति।

प्रो0 (डॉ) वी0 पी0 श्रीवास्तव
परीक्षा नियंत्रक।